IJARSCT
ISSN (Online) 2581-9429
International Journal of Advanced Research in Science, Communication and Technology (IJARSCT)
IJARSCT
Impact Factor: 7.301
Volume 3, Issue 2, February 2023

# नई शिक्षा नीति 2020 का स्वरुप और चुनौतियाँ

**Dr. Rajesh Kumar**
Assistant Professor
Ganpati Institute of Science & Technology, Mohan Nagar, Ghaziabad, UP, India
rajeshrajora2017@gmail.com

**सरांशः**

जीवन में आगे बढ़ने के लिए शिक्षा की जरूरत होती है। शिक्षा के बिना कुछ भी मुकाम हासिल नहीं किया जा सकता। शिक्षा के माध्यम से हम सभी अपने सपने साकार कर सकते है। शिक्षा एक ऐसा माध्यम है जिससे व्यक्ति, समाज और देश का विकास होता है। इसी बात को ध्यान में रखकर नई शिक्षा नीति अपनाई गई। भारत देश की शिक्षा प्रणाली में 34 साल के बाद नई शिक्षा नीति 29 जुलाई, 2020 को लागू की गई। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को मंजूरी दी। यह स्वतंत्र भारत की तीसरी शिक्षा नीति है। इससे पहले 1968 तथा 1986 में भी शिक्षा नीतियाँ लागू की गई थी।नई शिक्षा नीति 2020 के लागू करने के साथ ही मानव संसाधन विकास मंत्रालय का नाम बदलकर **शिक्षा मंत्रालय** कर दिया गया है। अर्थात् इस नई शिक्षा नीति के अनुसार अब मानव संसाधन विकासमंत्रालय को शिक्षा मंत्रालय कहा जायेगा। नई शिक्षा नीति के तहत सकल घरेलु उत्पादन (GDP) का 6 प्रतिशत खर्च इसमें किया जायेगा जो पहले 4.43 फीसदी ही था।

जैसे की कोई वस्तु एक जगह पर पड़ी रहती है तो उस पर धुल जम जाती है। पहले की शिक्षा नीति का भी यही हाल था। पुरानी शिक्षा नीति में शिक्षाकी उन्नति और प्रगति कही न कही रुक सी गई थी। इसलिए शिक्षा नीति में भी परिवर्तन लाया गया। इसका महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया जब नई शिक्षा नीति 2020 को पूरी तरह से बाल केन्द्रित बनाया गया।इसमें मातृभाषा, स्थानीय भाषा पर जोर दिया जायेगा। विषयों का चयन दिनचर्या पर छोड़ दिया जाएगा और 5वीं कक्षा तक की शिक्षा मातृभाषा में होगी। नई शिक्षा नीति से हम सशक्त नव भारत निर्माण की आशा करते है। बस आवश्यकता है उसे प्रभावी तरीके से लागू करने की। अगर सच में उसका क्रियान्वयन हुआ तो भारत की युवा पीढी ज्ञान–विज्ञान के रास्तों को खोलकर राष्ट्र के विकास में अपना योगदान देगी।

**मुख्य शब्दः** नई शिक्षा नीति,शिक्षा मंत्रालय,मातृभाषा,स्थानीय भाषा,क्रियान्वयन,ज्ञान–विज्ञान।

## संदर्भ सूची

[1]. Hindi.nysha.org
[2]. नई शिक्षा नीति और हिंदी–नवज्योति, नई दिल्ली।
[3]. Tv9hindi.com
[4]. भावना मासीवाल का लेख–Tv9 14 सितंबर, 2021
[5]. हिंदी साहित्य : युग और प्रवृतियाँ–डॉ. शिवकुमार शर्मा
[6]. शिक्षा नीति से जुडी चुनौतियाँ– डॉ. वारिंदर भाटिया (दिव्य हिमाचल.कॉम)
[7]. https://www.education.gov.in.PDF
[8]. National Education Policy 2020
[9]. रिपोर्ट 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति' मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार।
[10]. दा टाईम ऑफ इंडिया,05/09/2020
[11]. नई शिक्षा नीति 2020 फक्टस जुलाई 30, 2020
[12]. टी.एस.आर. सुब्रमण्यम समिति की रिपोर्ट, 2015
[13]. https://en Wikipedia.org
[14]. यशपाल समिति रिपोर्ट, 1992